
हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

11 एसडीएम को ज्ञापन सौंप 27 तक का दिया अल्टीमेटम



12 ट्रेड डील और बुजुर्गों की पेंशन कटौती को लेकर...



## खबर संक्षेप

### जरूरतमंदों को सहायक उपकरण आज मिलेंगे

**चरखी दादरी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में नई अनाज मंडी में सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव बलवान सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल मुख्य शिरकत करेंगे और रेडक्रॉस द्वारा चिह्नित 189 द्वियागजनों निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित करेंगे।

### मेगा सर्विस कैंप का कल से होगा आयोजन

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 18 फरवरी को संस्कार पब्लिक स्कूल में मेगा सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस मेगा सर्विस कैंप में जनता से सीधे रूप से जुड़े विभिन्न 12 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला ने बताया कि इस कैंप में मुख्य रूप से जनता से सीधे रूप से जुड़े हुए फैमिली आईडी, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लेबर विभाग, बिजली निगम, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, कृषि एव किसान कल्याण विभाग, पशु पालन एवं डेयरी विभाग, कॉमन सर्विस सेंटर, निर्वाचन कार्यालय, पब्लिक हेल्थ द्वारा स्टॉल लगाई जाएगी।

### 21 को खाटूधाम के लिए रवाना होगा पैदल जत्था

**लोहारू।** श्रीश्याम सुंदर ज्योति मंडल के तत्वावधान में आयोजित 25 सायं सांवरिया के नाम कार्यक्रम बीती देर सायं संपन्न हो गया। कार्यक्रम में सूरजगढ़ प्राचीन मंदिर से मनोहर लाल सहित अनेक भक्तों ने शिरकत की। मा. पवन स्वामी ने बताया कि लोहारू से सैकड़ों श्रद्धालुओं का पैदल जत्था 21 फरवरी को लोहारू से खाटू धाम के लिए रवाना होगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर है।

34 लाख की लागत से बढ़ेगी सेक्टर 23 की हरियाली

# ग्रीन बेल्ट में लगेंगे पौधे, अब झूलों का आनंद भी लेंगे बच्चे

## खुले दरबार में रखे कार्यों का हो रहा निर्माण, चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

*विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं, सरकारी खजाने लबालब : भवानी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अब सेक्टरवासियों के लिए राहत भरी खबर हैं। नगर परिषद 34 लाख रुपये की लागत से सेक्टर 23 की ग्रीन बेल्ट का जीर्णोंद्धार करने जा रहा हैं। साथ ही ग्रीन बेल्ट में पौधें रोपित किए जाएंगे। इसके बाद ग्रीन बेल्ट में हरियाली बढ़ेगी और शहर का पॉल्यूशन भी नियंत्रण में होगा। वहीं दूसरी तरफ चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं हैं। विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब है।

उल्लेखनीय हैं कि सोमवार को नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व नप पार्षदों ने नारियल फोड़कर ग्रीन बेल्ट के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया। ग्रीन बेल्ट के जीर्णोद्धार पर 34 लाख रुपये की लागत आएगी, जिससे ग्रीन बेल्ट की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे। इस दौरान नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने मौजूद लोगों का मुंह मीठा करवाया। नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रीन बेल्ट में लोगों के घूमने के लिए पगडंडी बनवाई जाएगी, ताकि सुबह व शाम के समय लोग ग्रीन बेल्ट में आराम से सैर कर सकें। साथ ही ग्रीन बेल्ट की सुंदरता बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा और अच्छे पौधें लगाए जाएंगे, जिससे आसपास का ऑक्सीजन स्तर सुधरेगा और ग्रीन बेल्ट में घूमने आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। ग्रीन बेल्ट में पेड़ पौधे लगने से शहर के पर्यावरण प्रदूषण पर भी कंट्रोल होगा। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से पार्कों के रख रखाव में पूर्णरुप से सहयोग करने का आह्वान किया, ताकि व्यवस्था सही ढंग से बनी रहे। ग्रीन बेल्ट के जीर्णोद्धार के साथ साथ उसमें अनेक तरह से झूले भी लगाए जाएंगे, जिससे अभिभावकों के साथ घूमने के लिए आने वाले बच्चों को मस्ती करने का मौका मिले और बच्चे झूलों का आनंद उठाए। कई बार देखा जाता हैं कि पार्क में घूमने के लिए बच्चों को लाने पर उन्हें गोद में ही लेकर घूमना पड़ता हैं। ग्रीन बेल्ट में झूले लगने से अभिभावक सैर कर सकेंगे और बच्चे झूलों का आनंद ले सकेंगे।




**भिवानी।** नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ करते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह।

### ग्रीन बेल्ट की चार दीवारी का होगा निर्माणः भवानी

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि सेक्टर 23 की सुभाषचंद्र बोस ग्रीन बेल्ट का करीब 34 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार करवाया जाएगा, जिसमें सभी टूट फूट को दुरुस्त करवाया जाएगा। इसके साथ ही ग्रीन बेल्ट की चार दिवारी का भी निर्माण होगा। ग्रीन बेल्ट में घूमने के लिए पगडंडी व झूले लगाए जाएंगे, ताकि बच्चे झूलों का भरपूर आनंद उठा सकें। ग्रीन बेल्ट की हरियाली बढ़ाने के लिए अनेक तरह के पौधे लगवाएं जाएंगे, ताकि कार्य के होने के बाद शहर की सुंदरता की पंख लग सकें। भवानी प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद भिवानी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्षद अभिषेक दुग्गल, पार्षद पवन सैनी, रिटायर्ड एक्सईएन सज्जन कुमार सिंगला, अधिवक्ता चंद्रपाल चौहान, डॉ. जयबीर गोयत, मांगेराम,रामचंद्र धारीवाल, करतार बडेसरा, डॉ. रवि सांगवान, ईश्वर नागर, धूपसिंह, प्रेम व डॉ. रामनारायण दुग्गल आदि मौजूद थे।



## सुरेश सैनी सर्वसम्मति से बने राष्ट्रीय सैनी सभा तोशाम के हलका प्रधान, नियुक्ति पत्र भी सौंपा

**तोशाम।** गांव दुल्हेड़ी में राष्ट्रीय सैनी सभा की बैठक का आयोजन किया, जिसमें सर्वसम्मति से सुरेश सैनी को हलका प्रधान नियुक्त किया। सुरेश सैनी की नियुक्ति राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सैनी बहादुरगढ़ के विचार-विमर्श के बाद, जिला अध्यक्ष विजय सैनी एवं हिसार के जिलाध्यक्ष अजय सैनी ने नियुक्ति पत्र दिया। नवनियुक्त हलका प्रधान सुरेश सैनी ने कहा कि वे समाज को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चलना उनकी प्राथमिकता रहेगी तथा क्षेत्र के हर जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट राजेंद्र सैनी दुल्हेड़ी, हरिसिंह सैनी, शंभूराम पटवारी, प्रताप फौजी, पूर्ण फौजी, नरसी कटारिया, मनीराम कटारिया, धर्मपाल, रघुबीर सैनी, हनुमान सैनी, सरपंच रामेश्वर इंदौरा, ओमप्रकाश सैनी आदि ने बधाई दी।

## पचास हजार रुपये व फोन लौटाकर बलवान और सतपाल ने दिया ईमानदारी का परिचय

**बवानीखेड़ा।** शहर बवानीखेड़ा में एक व्यक्ति ने रास्ते में मिले पचास हजार रूपए व एक मोबाइल इसके असली मालिक को लौटाकर मिसाल कायम की।



समाजसेवी पवन कुमार ने बताया कि राजकुमार सैनी के पचास हजार रूपये व एक मोबाइल फोन रोड पर गिर गए। बवानीखेड़ा स्थित निजी शिक्षा संस्था के ड्राइवर बलवान व मास्टर सतपाल को नकदी व मोबाइल मिले। जिन्होने ईमानदारी का सबूत देते हुए संस्था संचालक पवन को दिए व विद्यालय ने उन पैसों को व मोबाइल को उस व्यक्ति तक पहुंचाए। विद्यालय ने भी चालक बलवान व मास्टर सतपाल की ईमानदारी को सराहा और उसको विद्यालय के बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बताया कि बच्चे भी ईमानदारी के रास्ते पर चले। वहीं राजकुमार सैनी ने भी दोनों का आभार व्यक्त किया।

## एसडीएम अहलावत ने तोशाम में किया जलघर का निरीक्षण

**तोशाम।** एसडीएम प्रदीप अहलावत ने सोमवार को जलघर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति ही प्रशासन का प्रयास है। एसडीएम ने जल संरक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करके अधिकारियों से बारीकी से जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन द्वारा लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करवाई जा रही है। उन्होंने जलघर बने स्टोरेज टैंक का निरीक्षण करने उपरांत कहा कि लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति उपलब्ध हो इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी आपस में तालमेल करके बेहतर पेयजजल सप्लाई करवा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि तोशाम जल घर में भारत की सबसे सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है। निरीक्षण के दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सब डिविजनल अभियंता विक्रम पूनिया, जांच लेबोरेटरी के इंचार्ज डॉक्टर राजीव कुमार और कनिष्ठ अभियंता योगेंद्र सिंह भी साथ रहे। एसडीएम को एसडीओ विक्रम पूनिया ने पेयजल सप्लाई के लिए जल घर में पानी के संरक्षण पानी की सप्लाई फिल्टर करके भेजने सहित सभी जानकारियां विस्तृत रूप से दी।



# दादरी में जिला नगर योजनाकार ने गिराए अवैध निर्माण

## दादरी में भिवानी रोड पर सेक्टर 9 के पीछे विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में कार्रवाई

- किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

सोमवार को जिला नगर योजनाकार टीम ने एक एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर पीला पंजा चलाया। टीम ने चार अवैध निर्माण गिराए। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिला के नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माणों और कालोनियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत दादरी में भिवानी रोड पर सेक्टर 9 के पीछे 1 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में4 डीपीसी व कच्चा रोड नेटवर्क अवैध निर्माण को तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि जिला में अवैध निर्माण या कॉलोनी के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण व कॉलोनी के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चलाया जा रहा है। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार नरेंद्र कुमार ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर व भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें क्योंकी इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन द्वारा अमल में लाई जाएगी।



आर्थिक स्थिति बदतर होती जा रही

# बकाया कमीशन को लेकर डिपो होल्डरों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, छह महीने से नहीं हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा के डिपो होल्डरों की आर्थिक स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। पिछले छह महीनों से कमीशन का भुगतान न होने के कारण अब डिपो होल्डरों का सब्र जवाब देने लगा है। स्थानीय हुडा पार्क में आयोजित डिपो होल्डर यूनियन भिवानी की बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान राज सरपंच और शहरी प्रधान हरदेश कुमार हैप्पी ने सरकार से अपना हक जल्द से जल्द रिलीज करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने बताया कि डिपो होल्डरों को चीनी के साथ दिए जाने वाले तेल (सरसों का तेल/खाद्य तेल) की खरीद के लिए अपनी जेब से पैसे लगाने पड़ रहे हैं। छह महीने से बकाया कमीशन न मिलने के कारण उनके पास वर्किंग कैपिटल पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि जब सरकार समय पर कमीशन नहीं देती, तो डिपो होल्डर राशन वितरण की व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अपनी निजी बचत या कर्ज लेकर सामान खरीदते हैं। यह स्थिति अब असहनीय हो गई है। कमीशन न मिलने से डिपो होल्डरों के सामने घर चलाने और डिपो का किराया व बिजली बिल भरने तक की समस्या खड़ी हो गई। उन्होंने कहा कि कार द्वारा तेल के लिए एडवांस पेमेंट की व्यवस्था या कमीशन में देरी के कारण राशन वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। वही सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने वाले इन प्रतिनिधियों को अपनी मेहनत की कमाई के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। शहरी प्रधान हरदेश कुमार हैप्पी ने कहा कि डिपो होल्डर सरकार और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, लेकिन सरकार उनकी बुनियादी जरूरतों और हक को नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही 6 महीने का बकाया कमीशन जारी नहीं किया गया, तो यूनियन आगामी रणनीति बनाने और कड़े कदम उठाने पर मजबूर होगी।



# एसडीएम ने निनान जलघर से भरवाए पानी के सैंपल, रोहतक में करवाई जाएगी जांच

- जिला प्रशासन के पास पेयजल से संबंधित आ चुकी थीं कई शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

एसडीएम महेश कुमार ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को साथ लेकर निनाण स्थित जलघर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पानी के सैंपल लिए और उनको चैक करने के लिए रोहतक व स्वास्थ्य विभाग को भेजा। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के पास पेयजल से संबंधित शिकायतें भी आती हैं, जिसके चलते एसडीएम महेश कुमार ने निनान स्थित जलघर का दौरा किया। उन्होंने यहां पर नियुक्त विभाग के कर्मचारियों से पानी की शुद्धता के बारे में जानकारी ली। और रिकॉर्ड भी चेक किया। एसडीएम ने वहीं मौके पर मौजूद विभाग के एसडीओ प्रविंद्र खरब और जेई मंजीत को पानी के सैंपल लेने के निर्देश दिए। इन सैंपलों की जांच रोहतक करवाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर एसडीएम ने वहीं मौजूद स्वास्थ्य विभाग के एमपीएचडब्ल्यू सौरभ व सुनील को पानी के सैंपल लेकर स्वास्थ्य विभाग की लैब में जांच करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से बढक़र कुछ नहीं है। लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानी के सेंपल से शुद्घता का पता चलेगा ताकि यदि किसी प्रकार की कमी है तो उसको दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि पानी को साफ व शुद्ध करने के बाद ही आपूर्ति करें।



मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव ने अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

# भीम स्टेडियम में मिलेगी स्वीमिंग पुल की सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी जिले के खिलाड़ियों के लिए बड़ी एवं सकारात्मक खबर सामने आई है। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने भीम स्टेडियम में सुविधाओं के विस्तार करवाने को लेकर उठाए मुद्दे पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने कड़ा रुख अख्तियार किया है।

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने खेल विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तलब की है। सांसद धर्मबीर सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे अपने पत्र में बताया कि भीम स्टेडियम करीब 38 एकड़ जमीन में फैला हुआ है, यहां वर्तमान में सिंथेटिक ट्रैक, हॉकी ग्राउंड, कुश्ती हॉल और बॉक्सिंग हॉल जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि इतने बड़े और महत्वपूर्ण स्टेडियम में अभी तक स्वीमिंग पूल, इंडोर जिम हॉल और हाई मास्क लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में न केवल भिवानी शहर, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से रोजाना हजारों खिलाड़ी अभ्यास करने के लिए आते हैं। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने विभागीय अधिकारियों को लिखित आदेश जारी किए हैं। अब स्टेडियम में तैराकों के लिए आधुनिक तरणताल का निर्माण, खिलाड़ियों की फिटनेस के लिए अत्याधुनिक जिम मशीनरी तथा शाम व रात के समय अभ्यास के लिए बेहतर रोशनी की व्यवस्था के लिए हाई मास्क लाइटों की व्यवस्था पर कार्य होगा।

### सांसद के प्रयासों से भीम स्टेडियम में होगा सुविधाओं का इजाफा

जिले के प्रतिनिधि होने के नाते सांसद धर्मबीर सिंह के समक्ष खिलाड़ियों को आने वाली समस्याओं एवं भीम स्टेडियम में सुविधाओं में इजाफा करवाने की डिमांड रखी गई थी, जिस पर सांसद धर्मबीर सिंह ने मुख्यमंत्री कार्यालय में डिमांड पूरी करवाने के लिए मजबूत पैरवी की। उनके प्रयासों से जिला खेल स्टेडियम में सुविधाओं का इजाफा होगा और खिलाड़ियों को आने वाली समस्याओं ने निजात मिलेगी। वहीं सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयासों से बेहतर सुविधाएं मिलने पर जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदकों की झड़ी लगाकर जिले का नाम रोशन करेंगे।

- विद्यानंद यादव, जिला खेल अधिकारी, भिवानी।



# निगाणाकलां की बेटी खुशी ने खेल जगत में गाड़ा झंडा, बनीं बेस्ट प्लेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के खेल परिसर में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित 22वीं कॉर्पबॉल फेडरेशन कप में गांव निगाणाकलां की बेटी खुशी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए न केवल अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई, बल्कि पूरे टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब भी अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में खुशी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। खुशी, जो 10 गाड्र्स यूनिट का प्रतिनिधित्व कर रही थीं, ने अपनी फुर्ती और सटीक गोल दागने की क्षमता से दर्शकों और चयनकर्ताओं का दिल जीत लिया। खुशी की उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव निगाणा कलां में जश्न का माहौल है। उनकी जीत और बेस्ट प्लेयर चुने जाने की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, ग्रामीणों ने उनके दादा और पिता को बधाई देना शुरू कर दिया। विजेता खिलाड़ी खुशी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय दादा केदार सिंह सांगवान, पिता हवलदार रामोतार व कोच राजप्रीत सिंह औलक बताया कि ये जीत मेरे कड़े अभ्यास और मेरे परिवार व कोच के अटूट विश्वास का परिणाम है। 10 गाड्र्स यूनिट और मेरे कोचों ने मुझे जो मंच दिया, उसके लिए वे आभारी है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड जीतना है। खुशी के दादा केदार सिंह सांगवान व पिता हवलदार रामोतार ने कहा कि परिजनों के लिए इससे बड़ा गर्व और क्या हो सकता है।



- 22वीं कॉर्पबॉल फेडरेशन कप में टीम रही तृतीय

हरिभूमि

# सहेली



वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

## होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

### काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

### बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा। ❁

## ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह

स्नेहा सिंह



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवाद:** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वास:** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूर:** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबू:** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्य:** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं। ❁

---

कई लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। ऐसा जजमेंटल नेचर आपके पर्सनल-सोशल रिलेशन बनाने में बाधक हो सकता है। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

## क्या आपका नेचर है जजमेंटल ऐसे करें खुद में बदलाव

बिहेवियर

ललिता गोयल

हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या घटना को देखकर बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। वे बिना ज्यादा सोचे-समझे किसी के भी बारे में अपनी राय कायम कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति जजमेंटल नेचर वाले होते हैं। ऐसे लोग अकसर दूसरे में कमियां खोजते रहते हैं।

**ऐसे होती है पहचान:** आपके आस-पास का कोई व्यक्ति जजमेंटल नेचर का है, इसे आप उसके कुछ बर्तावों से पहचान सकती हैं।

- ऐसे लोग खुद को बहुत अहमियत देते हैं और सामने वाले को छोटा समझते हैं।
- खुद को समझदार और हर विषय का जानकार मानते हैं।
- ये लोग अपनी सलाह खुद देने लगते हैं और दूसरों को अपनी सलाह को मानने के लिए बाध्य भी करते हैं।
- जजमेंटल नेचर वाले लोगों का व्यवहार थोड़ा जिद्दी होता है और वे हमेशा दूसरों से आगे निकलने की चाह में रहते हैं।
- वे अपनी राय को सर्वोपरि मानकर दूसरों की राय को महत्व नहीं देते हैं।
- ऐसे लोग बातचीत के दौरान अकसर तेज आवाज में बोलते हैं।
- ये लोगों को हमेशा 'अच्छे' या 'बुरे' के तराजू में तौलते रहते हैं और अपने आप को सही साबित करने के लिए दूसरों की निंदा और कमियां खोजने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।
- ऐसे लोग दूसरों की तारीफ करने या उन्हें प्रोत्साहित करने से बचते हैं।
- ऐसे लोग नकारात्मक सोच के होते हैं।





**ऐसे बर्ताव से खुद को बचाएं:** अगर आपको उक्त में से कोई बर्ताव खुद में नजर आता है तो आप कुछ बातों पर अमल करके इसमें सुधार कर सकती हैं। जजमेंटल होने से बच सकती हैं।

**पूरे नेचर को परखें:** कभी-कभी लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिसे आप सही नहीं समझते, जैसे किसी के लंच में से उठाकर खा लेना या फिर बाजार में खूब मोलभाव करना। ऐसे में जरूरी है, कि उन्हें उनके बर्ताव के हिसाब से न जज किया जाए। हो सकता है कि उनमें ऐसी कई पॉजिटिव क्वालिटीज भी हों, जिन्हें आपने अभी तक देखा ही नहीं हो। इसलिए किसी डिसीजन पर पहुंचने से पहले पूरी तरह परख लें।

**खुद को सामने वाले की जगह पर रखकर देखें:** हर इंसान की स्किल्स, नेचर, उनकी जिंदगी के अनुभवों, रहन-सहन के अनुसार होता है। उनकी पर्सनालिटी में उनके साथ किया हुआ बर्ताव, उनकी परिस्थितियां काफी अहम भूमिका अदा करती हैं। इसलिए किसी इंसान को अच्छे से जाने बिना उनके बारे में राय न बनाएं।

**अपीयरेंस से न जज करें:** हर इंसान अपनी पसंद कंफर्ट के अनुसार तैयार होता है। इस आधार पर उनकी पर्सनालिटी के बारे में जज करना सही नहीं होता। अगर किसी ने टैटू बनवाए हुए हैं तो उसके बारे में यह राय बनाना कि वो गंभीर व्यक्ति नहीं हो सकता, सही नहीं है। इस सोच से उबरना चाहिए।

**राय बनाने से पहले लें कुछ वक्त:** किसी भी इंसान से सिर्फ 5 मिनट बात करने के बाद उसके बारे में कोई राय बना लेना सही नहीं होता, क्योंकि इतने कम समय में कोई किसी के भी बारे में सब कुछ कैसे जान सकता है। किसी भी इंसान के बारे में अपनी तरफ से राय बनाने से पहले, आपको उनके बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी के बारे में कोई भी राय बनाने से पहले एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने-समझने का मौका दें, नहीं तो सामने वाला भी आपके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा और एक अच्छा रिश्ता बनाने से चूक सकते हैं। ❁

---

## जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

स्किन केयर

प्रीति गुप्ता

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।
- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।



**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्सट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें। ❁

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

---

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्सट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

## इस मौसम में हेल्थ की करें एक्सट्रा केयर

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वही शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जी:** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।



**सर्दी-खांसी-जुकाम:** दिन का तापमान बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।



**हड्डियों-जोड़ों में दर्द:** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।

**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें। ❁

प्रस्तुतिः विनीता कुमारी

## खबर संक्षेप

### स्वावलंबी बनाने को दिया जा रहा तीन लाख का ऋण

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विशेष रूप से विधवाओं व तलाकशुदा और कानूनी रूप से अलग रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के लिए सब्सिडी ऋण योजना शुरू की है। निगम के तहत बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की व्यवस्था की गई है, जिसे महिलाएं स्वयं का कार्य शुरू करके आत्मनिर्भर बन सकती है।

हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि इस योजना के तहत जो महिलाएं हरियाणा की स्थाई निवासी है और जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम है वे महिलाएं इस योजना की पात्र है।

### नप के पास पहुंची 59 गंदगी की शिकायतें

**भिवानी।** नगर परिषद प्रशासन ने गंदगी की समस्या से निजात के लिए जारी किए 8053609453 और 8053609445 नंबरों पर अब तक 59 लोगों ने गंदगी की समस्या के फोटो डाले, जिन पर नगर परिषद ने तुरंत प्रभाव से सफाई करवाई और वापिस संबंधित व्यक्ति के पास में सफाई के फोटो भेंजे हैं। वहीं नगर परिषद ने नगर शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सड़कों पर, खाली प्लाटों या गलियों में इधर-उधर कूड़ा-कचरा ना डालें। इसके साथ ही यदि कहीं पर कूड़ा-कचरा दिखाई देता है वे फोटो सहित नगर परिषद द्वारा जारी किए गए नंबरों पर सूचना दे सकते हैं। जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में नागरिकों से अपील है कि वे खाली प्लाटों या जगह-जगह पर कचरा न डालें।

### पोषाहार देकर किया जा सकता कुपोषण खत्म

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में पोषण अभियान योजना कार्य योजना को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने संबंधित विभागों को आपसी तालमेल स्थापित कर योजना के क्रियान्वयन को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं को पोषाहार देकर कुपोषण को खत्म किया जा सकता है।

### खाटू धाम के लिए कल रवाना होगी पैदल यात्रा


**भिवानी।** प्राचीन श्रीश्याम गुणगान मंडल भिवानी के तत्वावधान में इस वर्ष भी श्रद्धा और उल्लास के साथ श्री श्याम बाबा की 24वीं विशाल पैदल पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मंडल के प्रधान बाबा मानसिंह यादव ने यात्रा की तैयारियों और कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह यात्रा 18 फरवरी बुधवार को स्थानीय घोषियान चौक स्थित कन्हीराम हॉस्पिटल के पास उनके निज निवास से शुरू होगी। प्रधान बाबा मानसिंह यादव ने बताया कि 18 फरवरी को दोपहर ठीक 12 बजे एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए समय नहीं मिलने पर जताया रोष

# एसडीएम को ज्ञापन सौंप 27 तक का दिया अल्टीमेटम

गांव ढाणी लक्ष्मण की मनीषा की मौत का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



**लौहारू।** लोहारू में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

युवती मनीषा मौत मामले में सीबीआई द्वारा खुलासा नहीं करने और मामले में मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए समय नहीं मिलने से नाराज विभिन्न समाज के लोगों ने सोमवार को पूर्व सरपंच शिंभूराम की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोगों ने कहा कि मनीषा मामले के मुख्यमंत्री सैनी ने वार्ता के लिए 27 फरवरी तक समय नहीं दिया तो 28 फरवरी को ढाणी लक्ष्मण गांव में खाप 52 व 84 के साथ हरियाणा स्तर की बैठक बुलाकर कड़ा निर्णय लिया जाएगा।

ज्ञापन देने वाले पूर्व सरपंच शिंभूराम और मेवा सिंह आर्य ने बताया कि महीनों की जांच के बाद भी सीबीआई ने मनीषा मौत मामले का खुलासा नही किया है। जिसको लेकर परिजनों और ग्रामीणों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीण इस मामले में कई बार बैठक कर चुके हैं तथा ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से वार्ता का समय लेकर सीबीआई से मामले का खुलासा करवाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। लेकिन सप्ताह बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री से वार्ता का समय नही मिला है। गत 14 फरवरी को एक बार गांव में बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सरपंच शिम्भुराम की अध्यक्षता में सर्व समाज न्याय समिति का गठन किया गया तथा समिति के सदस्यों ने एक बार फिर सोमवार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से 27 फरवरी तक अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने बताया कि यदि 27 फरवरी तक मुख्यमंत्री से वार्ता का समय नही मिला तो 28 फरवरी को ढाणी लक्ष्मण में 52 और 84 खाप के साथ साथ हरियाणा स्तर की बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें बड़ा फैसला लिया जाएगा।

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिला मुख्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**चरखी दादरी।** जिला मुख्यालय कोर्ट परिसर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अध्यक्ष सुशील धानक की अध्यक्षता में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सुशील धानक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जिनका सीधा प्रभाव किसानों, मजदूरों, बुजुर्गों और युवाओं पर पड़ रहा है। भारत-अमेरिका ट्रेड डील, बुढ़ापा पेंशन के कड़े मापदंड, पात्र लोगों के राशन कार्ड से नाम काटना तथा हरियाणा लोक सेवा आयोग में हरियाणा के युवाओं की अनदेखी जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरने को मजबूर हुई है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आमजन में भारी रोष है। बुजुर्गों को पेंशन से वंचित करना और गरीब परिवारों को राशन से दूर करना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। वहीं, युवाओं को रोजगार में उचित अवसर न मिलना प्रदेश के भविष्य के साथ अन्याय है।



# अधिकारी अतिक्रमण नहीं होने दें: उपायुक्त



**भिवानी।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एसडीएम महेश कुमार।

- समाधान शिविर में एसडीएम महेश ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में सोमवार को समाधान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में एसडीएम महेश कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने विशेषकर नगर परिषद और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण या नाले आदि को दुरुस्त करने के दौरान यदि कहीं पर सीवर या पेयजल पाइपलाइन टूटती है तो उसके बारे में तुरंत प्रभाव से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सूचित करें ताकि पेयजल लाइन को उसी समय पर ठीक किया जा सके। इसके साथ-साथ उन्होंने नगर परिषद और पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कहीं पर भी अतिक्रमण न होने दें। उन्होंने कहा कि बार-बार नोटिस देने के बाद भी कोई अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर ठोस कार्रवाई करें। शिविर में एसडीएम के समक्ष पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने तालु-मुंढाल लिंक रोड पर झांडियों की सफाई करवाने की समस्या रखी। इसके साथ ही उन्होंने तालु माईनर की सफाई होने व जलघर में पर्याप्त पानी आने पर जिला प्रशासन का आभार जताया।

#### सुनील ने अतिक्रमण हटवाने की मांग रखी

सुनील वर्मा नंबरदार ने हांसी गेट और घंटाघर के आसपास से अतिक्रमण हटवाने, प्रताप ने वार्ड नंबर चार में सीवरेज समस्या दुरुस्त करवाने, उमेद, राजवीर और नरेश ने 134 के तहत हुए दाखिलों की फीस माफी से संबंधित, पूर्ण चंद ने पीआईडी में नाम ठीक करवाने, सुरेश सैनी ने दादरी गेट से ढाणा रोड पर नाले को दुरुस्त करवाने और जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्याएं सुनने के लिए टोल फ्री नंबर जारी करवाने, प्रवीण कुमार ने नियमों के विरुद्ध बने मैरिज पैलेस पर कार्रवाई करवाने से संबंधित शिकायतें रखीं।

# एचडी स्कूल में बोर्ड परीक्षा को लेकर छात्रों को दिया तनाव मुक्त रहने का संदेश

- स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम के लिए दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

एचडी स्कूल बिरोहड़ में 10वीं 12वीं के परीक्षार्थियों बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए विशेष संदेश दिया गया। उन्होंने तनाव मुक्त परीक्षा देने का मन्त्र दिया। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने जाएं। मार्गदर्शन में बताया गया कि परीक्षा कक्ष में पहुंचकर सबसे पहले प्रश्नपत्र को ध्यान से पढ़ें, समय का सही प्रबंधन करें और जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छे से आते हों, उन्हें पहले हल करें। साफ-सुथरी लिखावट और सटीक उत्तर पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। विद्यार्थियों से कहा गया कि वे किसी भी प्रकार की घबराहट या तनाव न लें। नियमित पढ़ाई और मेहनत पर भरोसा रखें। प्राचार्या नमिता दास ने परीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी गईं और कहा गया कि मेहनत का फल अवश्य मिलेगा



**चरखी दादरी।** विद्यार्थियों को संबोधित करते बलराज फौगाट।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन में दिए जा रहे 51 हजार

**लोहारू।** प्रदेश सरकार ने कई श्रेणियों में मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी की गई है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह पर कन्यादान के रूप में 51 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इससे पहले यह राशि 41 हजार रुपये थी। किसी भी वर्ग से सम्बंधित महिला खिलाड़ी की स्वयं की शादी की शगुन राशि भी दस हजार बढ़ाकर 51 हजार कर दी गई है। मुख्यमंत्री सैनी द्वारा इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इस निर्णय से 1. 80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में शगुन के रूप में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह के लिए सहायता राशि दी जा रही है।

# योग ब्रेक हर अधिकारी व कर्मचारी के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी : उपायुक्त

- लघु सचिवालय हाल में आयुष विभाग के तत्वावधान में योग ब्रेक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



**चरखीदादरी।** योग ब्रेक में योग अभ्यास करते कर्मचारी।

लघु सचिवालय में हरियाणा योग आयोग,आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में डीसी डॉ मुनीश नागपाल सहित विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों ने योगा वाई ब्रेक के दौरान आयुष विभाग के योग सहायकों द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। डीसी डॉ नागपाल ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित रूप से योग अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि योग करना शरीर के लिए एक उत्तम है। सूर्य नमस्कार एवं भ्रामरी प्राणायाम सांसों की लय के अनुसार शरीर के आकुंचित और प्रसारण को करने से शरीर में रक्त संचालन तथा शरीर की मांसपेशियों में लचीलापन पैदा कर उनके कार्य में सुधार करता है। योगा ब्रेक से अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पांच मिनट योगा करके तनाव रहित रहा जा सकता है।



**भिवानी।** कोच के साथ विजेता खिलाड़ी।

### योगा प्रतियोगिता में प्रीति ने जीते 25 हजार रुपये

**भिवानी।** भिवानी की प्रीति ने पंचकूला के बरवाला में आयोजित इंटर कॉलेज योगा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रीति की उपलब्धि पर भिवानी के कायाकल्प योगा सेंटर में स्वागत किया। योगा सेंटर की प्रभारी रेणु वर्मा ने बताया की उनके सेंटर की प्रीति बरवाला में आयोजित इंटरकॉलेज राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसे ना केवल ट्राफी मिली है बल्कि 25 हजार रुपये का इनाम भी दिया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने पर आज भिवानी कायाकल्प योगा सेंटर में प्रीति का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि अध्यापिका मनीषा मित्तल थी। उन्होंने प्रीति को सम्मानित किया। इस मौके पर योगा कोच कविता अहलावत ने बताया की प्रीति काफ़ी समय से उनके सेंटर में योगा सीखती है। वह पहले भी काफी बार प्रतियोगिता जीत चुकी है।

# सांगी वेदप्रकाश की मंडली ने जमल-फते सांग का किया मंचन

- गांव बापोड़ा में सांग महोत्सव में कलाकारों ने दी सुंदर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** कलाकार गजेंद्र फौगाट को सम्मानित करते आयोजक।

बापोंड़ा स्थित बाबा पंचवीर गौशाला में इन दिनों लोक संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। हरियाणा कला परिषद के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय सांग महोत्सव के छठे दिन बतौर मुख्य अतिथि गजेंद्र फोगट ओएसडी एवं क्षेत्रीय निदेशक हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल और महंत अमरदास ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गजेंद्र फोगट ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गों वंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार पंजीकृत गौशालाओं को निरंतर आर्थिक मदद पहुँचा रही है। फौगाट ने कहा कि गाय का दूध, मूत्र और गोबर औषधीय गुणों से भरपूर है, जो अनेक रोगों का नाश करता है। उन्होंने अपील की कि हर परिवार को अपने घर में कम से कम एक गाय जरूर पालनी चाहिए।

### डिजिटल मोड में होने वाली जनगणना-2027 के लिए डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में जनगणना-2027 को लेकर अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने बताया कि जिला के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जनगणना-2027 का कार्य विधिवत रूप से एक मई में शुरू होगा। जनगणना के लिए सक्षम अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएंगी। जनगणना डिजिटल मोड में होगी। डीसी गुप्ता ने अधिकारियों को जनगणना-2021 की अनुदेश पुस्तिकाओं को जल्द से जल्द निष्क्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्स के माध्यम से तकनीकी सहायक व एमटीएम की नियुक्ति दो मार्च से पहले करने के निर्देश दिए ताकि उनकी ट्रेनिंग समय पर हो सके। उन्होंने किसी भी देश-प्रदेश की विकास नीतियों और योजनाओं का आधार जनगणना होती है। जनसंख्या के अनुरूप ही नीतियां निर्धारित की जाती हैं। डीसी ने कहा कि जनगणना-2027 का कार्य पूरी तरह से डिजिटल मोड में किया जाएगा। इसके लिए एचएलओ के नाम से एक मोबाइल एप बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जनगणना दो चरणों में होगी। पहले एक मई से मकानों को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसमें मकान का एरिया, बिजली, पानी, सीवरेज, इंटरनेट केबल, वाहन आदि सुविधाओं को अंकित किया जाएगा। इसके बाद आम जनमानस की गणना का कार्य होगा। बैठक के दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने जिला में जनगणना से संबंधित संसाधनों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डीसी को जनगणना के बारे जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग हिपा गुरुग्राम में 24 से 27 फरवरी को होगी तथा ये मास्टर ट्रेनर दो मार्च को सभी चार्ज जनगणना अधिकारियों को ट्रेनिंग देंगे। इसके अलावा अप्रैल तक ट्रेनिंग दी जाएगी।

## हिंदू सम्मेलन में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

# हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं और इतिहास से अवगत कराया

*महामृत्युंजय मंत्र जाप एवं महायज्ञ में आहुति से की हिंदू सम्मेलन की शुरूआत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

छोटी काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर पंचमुखी हनुमान हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति ने भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया। पतराम गेट स्थित बाबा कान्हदास के घेर में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर सनातन संस्कृति और एकता का परिचय दिया। सम्मेलन के संयोजक सुरेश ने जानकारी दी कि आयोजन एक वृहद राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि देशभर में 80 हजार हिंदू सम्मेलनों का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में भिवानी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 36 सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।



**भिवानी।** हिंदू सम्मेलन में प्रस्तुति देती छात्राएं व मंचासीन अतिथि।

### कुटुंब और संयुक्त परिवार की महत्ता पर बल दिया

कार्यक्रम के सहसंयोजक संदीप अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन की शुरुआत महामृत्युंजय मंत्र के जाप और महायज्ञ में आहुति डालकर की गई। सम्मेलन में पहुंचे प्रबुद्ध संतों ने समाज को नई दिशा देने वाले विचार साझा किए। महंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने कुटुंब और संयुक्त परिवार की महत्ता पर बल दिया। महंत चरणदास महाराज ने नागरिकों को उनके नैतिक कर्तव्यों का बोध कराया। महंत रामसुखदास महाराज ने समाज में सामाजिक समरसता और एकता लाने का संदेश दिया। ओमप्रकाश महाराज ने पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का संकल्प बनाने का आह्वान किया। सभी संतों ने अपने आशीर्वचनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं और गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी महेन्द्र लोहिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता त्रिलोक रहे। उन्होंने लोगों में राष्ट्रभक्ति और धर्म के प्रति जागरूकता का संचार किया। भारत माता की जय के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर सह-संयोजक विष्णु, धीरज सोनी, सह-संयोजक सुनील सोनी, अमृत गौतम, शिवकुमार चित्रकार, राजेन्द्र सोनी, अंकुर चावलवाला, मनोहर लाल, विनोद मित्तल, नीरज बागडी व राकेश गर्ग आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# श्रीराम कथा से पूर्व शहर में निकाली कलशयात्रा

बहल में श्रीराम कथा का हुआ आगाज

- राम कथा सुनने का अवसर जिसे मिलता है उसका जीवन सुधर जाता है : महंत विकास गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



श्रीअलख बाबा के फागुन वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीअलख आश्रम बहल में श्रीराम कथा की शुरुआत हुई। कथा शुरू होने से पहले भक्तजनों ने कलश यात्रा का आयोजन किया जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर और भजन गायन कर यात्रा में शामिल हुई। महंत विकास गिरी महाराज ने राम कथा को सिर पर धारण किया और प्रभु भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया। सोमवार को सुबह दस बजे कलश यात्रा की शुरुआत हुई। यात्रा में कस्बे के बड़ी संख्या में रामभक्तों ने भाग लिया।

श्रीअलख आश्रम से शुरू होकर कलश यात्रा मैंन बाजार पहुंची जहां लोगों ने यात्रा में शामिल भक्तजनों का जोरदार स्वागत किया। महंत विकास गिरी महाराज ने भक्तों को आशीर्वाद दिया और कहा कि राम कथा सुनने का अवसर जिसे मिलता है उसका जीवन सुधर जाता है। राम कथा के पहले दिन कथा वाचक पारुल भक्त ने श्रोताओं को कथा श्रवण, घर में भगवान की पूजा अर्चना या किसी देव मंदिर में पूजा करते समय एकाग्र मन से भगवान का ध्यान करने को प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चे की हुई बैठक

**भिवानी।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चे की बैठक पृथ्वी प्रभात भवन में आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता इंटक राज्य अध्यक्ष धर्मबीर लोहान ने की। संचालन भवन निर्माण कामगार यूनियन राज्य महासचिव सुखबीर सिंह ने किया। इस दौरान सुरेंद्र ठाकुर, सुबे सिंह, सुरेश गुजरानी आदि ने बैठक के निर्णय को लेकर सहमति दी। 17 व 18 जनवरी को निर्माण मजदूरों ने हरियाणा के अलग-अलग जिलों में प्रदर्शन कर श्रम कल्याण बोर्ड पोर्टल को खोलने की मांग की गई थी, जिस पर मंत्रियों ने आश्वासन दिया था कि जल्द समाधान किया जाएगा, लेकिन अभी तक कोई प्रयास नहीं किए गए।

### ट्रैक्टर पर अनुदान का ऑनलाइन ड्रा कल

**लोहारू।** कृषि उपनिदेशक डॉ. विनोद फोगाट व सहायक कृषि अभियंता नसीब सिंह धनखड़ ने बताया कि जिला भिवानी में राज्य योजना एसबी. 89 वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को 45 एचपी एवं उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर तीन लाख रुपए प्रति इकाई अनुदान प्रदान किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा उपायुक्त-सह-अध्यक्ष की अध्यक्षता में ऑनलाइन ड्रॉ ऑफ लॉट्स (लॉटरी प्रणाली) के माध्यम से 18 फरवरी को प्रातः 11 बजे पंचायत भवन में किया जाएगा।

### कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

# ट्रेड डील और बुजुर्गों की पेंशन कटौती को लेकर जताया रोष




भिवानी। एसडीएम महेश कुमार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी व कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी व लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरने के दौरान विरोध जताते कांग्रेसी। फोटो: हरिभूमि

■ सरकार की गलत नीतियों के कारण समाज का हर वर्ग परेशान : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सरकार की नीतियों के खिलाफ हुंकार भरी। कांग्रेसियों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग में धांधली, राशन कार्डों की कटौती और बुजुर्गों की पेंशन काटने तथा भारत-अमेरिका की ट्रेड डील को देश के लिए घातक बताते हुए सोमवार को लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरना देकर रोष जताया। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार पर आमजन के अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक के देवर कृष्ण मलिक की एससी-एसटी मामले में आनन-फानन में की गई गिरफ्तारी को भी गलत बताया तथा सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर कहा कि सरकार के इशारे पर प्रशासन कांग्रेस से जुड़े लोगों को निशाना बना रही है।

कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध चौधरी और शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण आज समाज का हर वर्ग चाहे वह युवा हो, बुजुर्ग हो या गरीब परिवार सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भारत-अमेरिका ट्रेड डील के जरिए किसानों और स्थानीय व्यापारियों के हितों को दांव पर लगा रही है, तो दूसरी तरफ राशन कार्ड काटकर गरीबों के मुंह से निवाला छीन रही है। बुजुर्गों की पेंशन काटना अमानवीयता की पराकाष्ठा है। एचपीएससी में हो रही धांधली ने प्रदेश के पढ़े-लिखे युवाओं का भविष्य अंधकार में डाल दिया है। इस दौरान कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम महेश कुमार के माध्यम से देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से भर्ती प्रक्रियाओं में हो रही कथित धांधली की उच्च स्तरीय जांच करने, जिन पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड और बुजुर्ग पेंशन काटी गई है, उन्हें तुरंत बहाल किए जाने, भारत-अमेरिका ट्रेड डील के उन प्रावधानों को हटाया जाए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर शिवशंकर भारद्वाज, कमल सिंह प्रधान, दिनेश कौशिक, सत्यजीत पिलानिया, अमन तंवर, ईश्वर शर्मा, सविता मान, रिटायर्ड महाप्रबंधक नरेश तंवर, समीर खटीक प्रधान एनएसयूआई, पूर्व पार्षद अशोक जोगी, पूर्व पार्षद बलवान, रविंद्र मास्टर धनाना, डा. जयवीर गोयत, रमेश डिकाना वाल्मीकि, प्रहलाद नायक, ओमित कटारिया, उमेश भारद्वाज, सुमित बराड़, करण सिंह पूर्व बीईओ, अजय हालुवासिया, राजकुमार धनखड़, संजय गांधी, बलवंत घणघस, अशोक ढोला, बलबीर सरोहा, तोलराम शर्मा, प्रकाश भाट, संजीव जागलान, लक्ष्मण सैन आदि मौजूद रहे।

### पार्षद अंकुर कौशिक ने लगाई गुहार, बैंक की गलती की सजा भुगत रहे बुजुर्ग

# बैंक शाखा बंद होने से सैकड़ों बुजुर्गों की पेंशन पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर परिषद के वार्ड संख्या 5 से पार्षद अंकुर कौशिक ने शहर के सैकड़ों बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों की रुकी हुई पेंशन का मुद्दा उठाते हुए समाधान शिविर में शिकायत दी है। बैंक की एक शाखा के बंद होने और उसके दूसरी शाखा में विलय के कारण तकनीकी खामियों की वजह से पिछले 2-3 महीनों से लाभार्थियों को पेंशन नहीं मिल पा रही है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पार्षद अंकुर कौशिक ने कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की एक शाखा जो पिछले 40-45 वर्षों से जालान अस्पताल में संचालित थी, उसे हाल ही में बंद कर घंटा घर शाखा में विलय कर दिया गया है।

इस विलय के कारण बैंक का आईएफएससी कोड बदल गया।



भिवानी। शिकायत दर्ज करवाने पार्षद अंकुर कौशिक। फोटो: हरिभूमि

चूंकि वार्ड नंबर 4, 5, 6 और 7 के अधिकांश पेंशनभोगियों के खाते इसी शाखा में थे, इसलिए फैमिली आईडी में पुराने बैंक विवरण होने की वजह से अधिकतर बुढ़ापा, विधवा और दिव्यांग पेंशन रुक गई है तथा जिन बुजुर्गों की पेंशन आई है, वो भी एक माह की ही आई है। पार्षद अंकुर कौशिक ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बैंक शाखा का बंद होना और आईएफएससी कोड बदलना एक तकनीकी प्रक्रिया है, जिसमें गरीब और बुजुर्ग लाभार्थियों की कोई गलती नहीं है। पिछले तीन महीनों से इन बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिली है, जो उनके जीवन निर्वाह का एकमात्र सहारा है। प्रक्रिया इतनी जटिल है कि पहले फैमिली आईडी में अपडेट की रिक्वेस्ट लगानी पड़ती है, फिर समाज कल्याण विभाग में फॉर्म जमा करना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि तकनीकी समस्या का समाधान अपने स्तर पर तुरंत करें, ताकि बुजुर्गों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि समस्या को समाधान शिविर में उठाने के बावजूद भी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि पेंशन न आने के कारण उन्हें दवाइयों और दैनिक खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

# एसयूसीआई ने बुढ़ापा पेंशन पर थोपी शर्तें खत्मकर कानून बनाने की मांग, बुजुर्गों का अपमान नहीं होगा सहनः राजकुमार



■ प्राइवेट बसों के किराये में विद्यार्थियों की छूट और बुजुर्गों का आधा किराया पुन: लागू करवाया जाए

**भिवानी।** एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला लोकल सचिव कामरेड राजकुमार बासिया व वरिष्ठ कामरेड रोहताश सिंह सैनी ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि सरकार ने नाजायज शर्तें लगाकर बुढ़ापा पेंशन को बंद कर दिया। इसके खिलाफ प्रदेश में जनआक्रोश बढ़ता जा रहा था और जनआक्रोश के दवाब में रोकी गई पेंशन को सरकार ने जारी कर दिया है, लेकिन सरकार यह बताए कि क्या लगाई गई नाजायज शर्तें सदा के लिए खत्म कर दी गई हैं और वैधानिक प्रावधान करें कि भविष्य में ऐसी शर्तें नहीं थोपी जाएंगी, बुजुर्गों का अपमान कदापि नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मांग करते है कि बुढ़ापा पेंशन 5100 रूपये प्रति माह की जाए और प्राइवेट बसों के किराये में विद्यार्थियों की छूट और बुजुर्गों का आधा किराया पुनः लागू करवाया जाए, जिसे बस मालिकों ने सरकारी व प्रशासनिक मिलीभगत से मनमानी ढंग से बन्द कर दिया है और बुजुर्गों का घोर अपमान तक किया जा रहा है। दोनों नेताओं ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र चालू होने से पहले पहले इसे सुनिश्चित किया जाए अन्यथा एसयूसीआई कम्युनिस्ट हर गांव व शहरी कालोनियों के स्तर पर संघर्ष कमेटियां बना कर और विद्यार्थी संगठनों से भी तालमेल कर जन आंदोलन खड़ा करने के लिए संकल्पबद्ध है।

### शिवशक्ति की झांकियां निकाली व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# बच्चों को संस्कारवान बनाना बहुत जरूरी माता-पिता दें विशेष ध्यान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा के बाबा कमाल मंदिर में महाशिवरात्रित पर्व पर परमपिता परमात्मा ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकेन्द्र ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि, विशिष्ट अतिथि नपा प्रधान सुंदर अत्री, समाजसेवी सुभाष शर्मा, संजय वाल्मीकि ने शिरकत की। मंच संचालन मास्टर कन्नव ठकराल ने किया। कार्यक्रम में शिवशक्ति की झांकियां निकाली व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में सोनीपत रिट्रीट सेंटर एवं सब जोन हांसी की निदेशक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी बतौर मुख्य वक्ता पहुंची।



भिवानी। बाबा कमाल मंदिर में कार्यक्रम में विधायक को सम्मानित करते बीके भाई बहन।

ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी, ब्रह्माकुमारी रेणू, राजयोगी ब्रह्माकुमार सूबे सिंह ने भगवान की रूपों के बारे में बताया। कार्यक्रम में लक्ष्मी दीदी ने उपस्थित जनों को बताया कि आज मनुष्य की सोच परिवर्तित हो गई है। उन्होंने जीजा बाई के बारे बताया कि उन्होंने शिवाजी को बचपन से ही ऐसे संस्कार दिए थे, जिन्होंने अपनी दीक्षा और शिक्षा से परिवर्तन किया। उन्होंने गांव बास में गुरू पूर्णिमा पर गुरू को शिष्य द्वारा चाकू से मारने के बारे में भी बताया कि ऐसा करना मानों सहनशक्ति का ना होना है। वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि पहले संयुक्त परिवार होते थे और सभी बैठकर खाना-पीना और सुख दुःख में शामिल होते थे लेकिन आज ऐसा नहीं है। बच्चों में संस्कार नहीं है, आज समाज की दशा और दिशा बदल रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं।

#### मोबाइल से दूर रखें

वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि हमें अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए ये हमसें हमारे बच्चों की संस्कृति, शिक्षा और यौवन सहित संस्कार छीन रहा है। वहीं समाजसेवी सुभाष शर्मा ने भी बताया कि बच्चे मोबाइल का दुरुपयोग करते हैं इस पर अंकुश लगाना चाहिए।

### टीआईटी स्कूल में स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित परिसर में नकल उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

# विद्यार्थियों व शिक्षकों ने लिया नकल रहित परीक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

टीआईटी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित परिसर में नकल उन्मूलन कार्यक्रम का प्रेरणादायी एवं उद्देश्यपूर्ण आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नकल जैसी कुप्रथा से दूर रखते हुए ईमानदार, पारदर्शी एवं नकल-रहित परीक्षा प्रणाली के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में विद्यालय का वातावरण अत्यंत सकारात्मक, अनुशासन पूर्ण और प्रेरक बना रहा।

इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड चेयरमैन के ओएसडी एवं विद्यालय के मेधावी पूर्व छात्र समरवीर सिंह बतौर मुख्यतिथि पहुंचे। विद्यालय परिवार ने उनका सादगीपूर्ण एवं सम्मानजनक स्वागत किया। उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों को नकल के दुष्परिणामों से अवगत करवाते हुए कहा कि नकल व्यक्ति के ज्ञान, चरित्र और भविष्य को कमजोर बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, परिश्रम और ईमानदारी के मार्ग पर चलने का प्रेरक संदेश दिया तथा सभी विद्यार्थियों को नकल-मुक्त परीक्षा देने का संकल्प भी दिलवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. पी. कौशिक ने की। उन्होंने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि विद्यालय सदैव नैतिक मूल्यों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन को सर्वोच्च स्थान देता है। इस अवसर पर राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा तथा लक्ष्मण गौड़ जैसे जिम्मेदार, समर्पित एवं शिक्षा प्रेमी व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। कार्यक्रम का सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी मंच संचालन अभिषेक शर्मा द्वारा किया गया। अंत में सभी विद्यार्थियों ने नकल उन्मूलन का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण, सकारात्मक सोच एवं प्रेरणादायी संदेश के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के शैक्षिक एवं नैतिक विकास की दिशा में एक सराहनीय और अनुकरणीय प्रयास सिद्ध हुआ।



भिवानी। विद्यार्थियों व शिक्षकों को नकल रहित परीक्षा का संकल्प दिलवाते अतिथि।

# डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं अधिकारियों को दिए समाधान के दिए निर्देश

**चरखी दादरी।** लघु सचिवालय सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. मुनीश नागपाल ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। डीसी डॉ नागपाल ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने परिवादियों की समस्याओं को विस्तार से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित निवारण के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का एक ही छत के नीचे समाधान करना ताकि लोगों को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को इन शिविरों का आयोजन किया जाता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### रक्तदान रूपी महायज्ञ में बढ़ -चढ़कर पूर्ण आहूति डाले युवाः डुडेजा

# इमरजेंसी में 10 रक्तदाताओं ने ब्लड बैंक पहुंचकर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

'रक्तदान महादान होता है।रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री मे नहीं हो सकता। केवल रक्तदाताओं दवारा रक्तदान करने से ही रक्तदान की पूर्ति हो सकती है। इसी कड़ी में भिवानी के विभिन्न अस्पतालों में विभिन्न मरीजों के लिए बी पॉजिटिव व रेयर ब्लड ग्रुप बी नेगेटिव अलग अलग ब्लड ग्रुप की जरूरत पड़ने पर सूचना मिलने के बाद बी पॉजीटिव ब्लड के लिए अशोक कुमार, मनीष कुमार, विक्रम गोरिपुर कार्तिक बपौड़ा अभिषेक भट्टी पारस बोदिया, राजकुमार, हेमंत कुमार अमित कुमार व बी नेगटिव के लिए मुकेश पुर की जरूरत होने पर ने निजी ब्लड बैंक पहुंचे व निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया।



भिवानी। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

रक्तवीर राजेश डुडेजा ने युवाओं से रक्तदान रूपी महायज्ञ मे बढचढ कर भाग लेने व लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का आहवान किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि ये गर्व की बात है कि आज हमारे समाज मे इंसानियत जिंदा है और मरीजों की जिंदगी बचाने के लिए मात्र फोन कॉल पर ही छोटी काशी के रक्तदाता रक्तदान करने के लिए तुरंत पहुंच जाते है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य रक्तदान के लिए प्रेरित करना व मोटिवेट करना है। रक्तवीर मनीष वर्मा ने बताया की कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। जिससे किसी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति, गर्भवति महिला,अन्य बीमारी से ग्रस्त रोगी की जरूरत पडने पर उसका जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। ब्लड बैंक के डाक्टरों और शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने सभी रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया।

# सहयोगी केजरीवाल ने स्वयंसेवकों को सिखाए अभिनय के गुर

**भिवानी।** महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस इकाइयों के द्वारा आयोजित साथ दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत एवं योगाभ्यास के साथ हुई। प्रातः सत्र के प्रथम चरण में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना बोहरा, संचालिका सपना अस्पताल ने स्वस्थ जीवन शैली एवं पीसीओडी के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत करवाया।




भिवानी।स्वयंसेवकों को संबोधित करती वक्ता।


डॉ. सपना ने स्वयंसेवकों को समझाया कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। छात्रा स्वयंसेवकों की स्त्री रोग संबंधी अनेक भ्रांतियां को दूर किया। दूसरे सत्र में कौशल भारद्वाज, निर्देशक मेघदूत थिएटर ग्रुप के द्वारा एक रंगमंचीय कार्यशाला में बड़े ही सरल ढंग से खेल-खेल में सीखो पद्धति से व्यक्तित्व निर्माण, भाषा उच्चारण एवं वाणी विविधता के तरीकों से अवगत करवाया। उनके सहयोगी कलाकार यश केजरीवाल ने स्वयंसेवकों को अभिनय के विभिन्न गुर सीखाए।सत्र के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र ने आए हुए विशिष्ट अतिथियो का धन्यवाद किया एवं आभार व्यक्त किया। सांय कालीन सत्र में स्वच्छ भारत अभियान को मध्य नजर रखते हुए सभी स्वयंसेवकों ने शिविर प्रांगण,मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान देते हुए सफाई अभियान चलाया।

**सूरत-ए-हाल** प्रशासन की अनदेखी के चलते बीमारियों का अड्डा बना पार्क : ग्रेवाल

# बदहाली के आंसू बहा रहा चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क की सूरत इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है, जिस पार्क को शहर के फेफड़े और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य का केंद्र होना चाहिए था, वह आज प्रशासन की अनदेखी के चलते बीमारियों का अड्डा बन चुका है। पार्क की बदहाली को लेकर क्षेत्रवासियों व वेटरन संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। वेटरन संगठन के प्रधान सूबेदार मेजर बिरेंद्र सिंह ग्रेवाल ने पार्क की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन को आड़े हाथों लिया है।




भिवानी। चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल पार्क में खस्ताहाल बाथरूम व पार्क में टूटा बैंच, जला घास व पेड़ पौधे।

#### आवारा पशुओं का लगा रहता जमावड़ा

वही पार्क के कोनों में और रास्तों के किनारे कूड़े के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगे हुए हैं। लंबे समय से कूड़ा न उठाए जाने के कारण वहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। घास की समय पर कटाई-छटाई न होने के कारण फुटपाथ के आसपास झाड़ियां उग आई हैं। इससे सुबह-शाम टहलने वालों के लिए जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि लोग यहां फेफड़ों को शुद्ध ऑक्सीजन देने आते हैं, लेकिन गंदगी से उठने वाली दुर्गंध उन्हें बीमार कर रही है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है।

**प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोयाः** ग्रेवाल ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जिस पार्क में लोग शुद्ध हवा और अच्छे स्वास्थ्य की तलाश में आते हैं, वहां उन्हें केवल कूड़ा और बदबू मिल रही है। प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। अगर जल्द ही सुधार नहीं हुआ, तो यह पार्क केवल कागजों में ही मेमोरियल बनकर रह जाएगा। पार्क के मौजूदा हालात किसी डंपिंग ग्राउंड से कम नहीं हैं।